FIROZABAD POLICE

सुरक्षा आपकी संकल्प हमारा

प्रेस नोट थाना शिकोहाबाद दिनांक 18-07-2024 जनपद फिरोजाबाद ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित के निर्देशन में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम द्वारा गैंगस्टर एक्ट के **शराब की तस्करी करने वाले शराब माफिया** अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी की धारा 14(1) गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत मूल्य **60 लाख पैंसठ हजार आठ सौ अड़तीस रूपये (60,65,838.00 रूपये)** की अचल सम्पत्ती को मौके पर जाकर कुर्क करते हुए की गयी जब्तीकरण की कार्यवाही ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद के निर्देशन में अपराधियों पर लगातार की जा रही है धारा 14(1) के अन्तर्गत प्रभावी कार्यवाही........

शराब की तस्करी करने वाले शराब माफिया अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी पर जनपद के विभिन्न थानों में आधा दर्जन अभियोग हैं पंजीकृत......

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद श्री सौरभ दीक्षित द्वारा अपराधियों के विरूद्ध चलाए जा रहे विभिन्न अभियानों के अन्तर्गत अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के पर्यवेक्षण एवं क्षेत्राधिकारी शिकोहाबाद के कुशल नेतृत्व में थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम मय राजस्व टीम द्वारा सम्बन्धित मु0अ0सं0 27/2023 धारा 2/3 गिरोहबंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद से सम्बन्धित **शराब की तस्करी करने वाले शराब माफिया** गैंगलीडर अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी पुत्र ग्रीश चन्द्र निवासी नगला कुंजी जवापुर थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी हाल पता यशोदा नगर कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद की अन्तर्गत धारा 14(1) गिरोहबंद एंव असामाजिक क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम 1986 में अचल सम्पत्ति मूल्य 60 लाख पैंसठ हजार आठ सौ अड़तीस रूपये (60,65,838.00 रूपये) को कुर्क कर जब्तीकरण की कार्यवाही की गयी है।

क्र0सं0	सम्पत्ती का प्रकार	कुर्क की गयी सम्पत्ती का मूल्य (रूपये में)
1	**ग्राम उरमुरा किरार तहसील शिकोहाबाद के खाता संख्या 321 गाटा संख्या 313/2 क्षेत्रफल 1.364 है। बैनामा के अनुसार क्षेत्रफल .667 हैक्टेयर**	**28,91,700.00**
2	**ग्राम किशनपुर मौहम्मदाबाद के गाटा संख्या 22 में एक किता प्लॉट क्षेत्रफल 153.34 वर्गमीटर**	**8,74,038.00 रूपये**
3	**ग्राम किशनपुर मौहम्मदाबाद के गाटा संख्या 22 में एक किता क्षेत्रफल 153.34 वर्गमीटर जिस पर एक मकान लैंटर युक्त है।**	**23,00,100.00 रूपये**

शराब माफिया अभियुक्त भूपेन्द्र सिंह उर्फ फौजी पुत्र ग्रीश चन्द्र निवासी नगला कुंजी जवापुर थाना दन्नाहार जिला मैनपुरी हाल पता यशोदा नगर कस्बा व थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद का आपराधिक विवरण –

1-मु0अ0सं0 59/18 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम व 420 भादवि थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद।

2-मु0अ0सं0 66/18 धारा 60/63/72 आबकारी अधिनियम व 420 भादवि थाना खैरगढ जनपद फिरोजाबाद।

3-मु0अ0सं0 32/22 धारा 147,323,504,506 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

4-मु0अ0सं0 27/23 धारा 2/3 गैंगस्टर अधिनियम थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

5-मु0अ0सं0 25/24 धारा 323,342,386,420,504 भादवि थाना शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद।

6-मु0अ0सं0 229/24 धारा 147,149,307,34,504,506 भादवि थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद।